**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**19 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने का समय आ गया है अपनी भाषाएँ 2047 तक देश को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता प्रदान करेंगी।**

- **पंचायती राज मंत्रालय ने भाषिणी ए आई प्लेटफार्म के साथ समझौता हस्ताक्षर किया।**

- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा वासिओं से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।**

- **हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में , प्रदेश में 11 लाख लोग मिलकर योगासन करेंगे।**

- **कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियां लगभग मुकम्मल हुई।**

******************************************************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारत की भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने और अपनी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। नई दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि वे 2047 तक देश को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता प्रदान करेंगी।

***हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास, हमारे समाज जीवन और समाज की खुद की एक संवेदना की प्रक्रिया होती है। उसको बहुत सुंदर तरीके से इसकी अभिव्यक्ति का यह पुस्तक कारण बनेगा। इसके लिए उनको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।***

**********************************************************************

पंचायतीराज मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एआई प्लेटफार्मभाषिनी के बीच हुए समझौते से न केवल भाषा संबंधी बाधाएं दूर होंगी, बल्कि देशभर के राज्यों के बीच भाषाई आधार पर एकरूपता लाने के प्रयास को भी बढ़ावा मिलेगा। पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रो. एसपी बघेल ने नई दिल्ली में इस संबध में एक समझौता ज्ञापनपर हस्ताक्षर के अवसर पर भाषिनीपहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत की एकता, अखंडता औरभाईचारे को मजबूती मिलेगी।समझौताज्ञापन का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर भागीदारीआधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एआई-सक्षम सार्वजनिकडिजिटल बुनियादी ढांचे के उपयोग को बढ़ावा देना है।

**********************************************************************

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी मिलने के आरोपोंकी जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने कहा है कि दिल्ली उच्च न्यायालय केपूर्व न्यायाधीश को हटाने की कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेशउच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीशअनु शिवरामन की समिति ने उनके इस दावे को खारिज कर दिया है कि यह प्रकरण उन्हें फंसानेके लिए रचा गया था। रिपोर्ट के अनुसार न्यायमूर्ति वर्मा के नई दिल्ली स्थित आवास केस्टोर रूम में नकदी मिली थी और स्टोर रूम से जली हुई नकदी निकालने में उनके दो घरेलूकर्मचारियों की भूमिका थी। स्टोर रूम से नकदी बरामद होने के निष्कर्ष पर पहुंचने केबाद समिति ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा इसका कोई हिसाब नहीं दे पाए।

**********************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

**************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा वासियों से 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में बढ़ चढ कर भाग लेने का आहवान किया है।इस बार योग दिवस के थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य सब के लिए " का जिक्र करते हुए कहा कि योग अपना कर सभी स्वस्थ रह सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने बताया कि इस योग दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र में पवित्र ब्रहम सरोवर पर स्वामी रामदेव सबके साथ मिलकर के योग करेंगे।

**************************************************************************

हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य ने बताया कि प्रदेश के 22 जिलों के 121 खंडों में 11 लाख लोग मिलकर योग कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहे हैं।

डॉ जयदीप आर्य ने बताया -

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में भी राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर तैयारी कर ली गई है। यहाँ एक लाख से अधिक लोग योग करने आएंगे।

**************************************************************************

हरियाणा में 21 तारीख को राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और मेला ग्राउंड में मनाया जाएगा। समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं।

कुरुक्षेत्र की उपयुक्त नेहा सिंह ने बताया -

उन्होंने बताया कि मंच और साउंड व्यवस्था भी हो चुकी है। और ब्रांडिंग पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

आज व कल ब्रहम सरोवर पर सैर करने पर रोक लगाई गई रोक को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया -

उपयुक्त ने कहा कि प्रदेश भर से लोग कुरुक्षेत्र के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भागीदारी करने या रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के भी पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।
*************************************************************************
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में योग मैराथन का आयोजन किया गया । मैराथन को नगराधीश विश्वनाथ ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगराधीश विश्वनाथ ने नागरिकों से आह्वान किया कि वो योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा अभियान बढ़चढ़ कर सरकार को सहयोग करें।वही पतंजलि परिवार द्वारा एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें 500 से अधिक साधकों व योग प्रेमियों ने भाग लिया।
*************************************************************************
हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिशुगृहों व पर्यवेक्षण गृहों तथा निरीक्षण गृहों का नियमित दौरा करें और उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा कर उन्हें रिपोर्ट सौंपे। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मंत्री आज यहां महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। श्रीमती चौधरी ने इस अवसर पर लाभार्थियों के विकास एवं संरक्षण के लिए दो प्रमुख पोर्टल भी लॉन्च किए, जिनमें बाल संरक्षण पोर्टल, प्ले स्कूल व क्रैंच के लिए एमआईएस प्रणाली पोर्टल शामिल हैं।बैठक में मंत्री को अवगत कराया कि बाल संरक्षण पोर्टल मिशन वात्सल्य के तहत बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की निगरानी में मददगार होगा। इसमें पुलिस द्वारा एफआईआर पंजीकरण व जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाई से लेकर प्रत्येक बच्चे के लिए पुनर्वास योजना तक मामले की निगरानी रखी जा सकेगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्र प्रदेश में बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराएं।बैठक में जानकारी दी गई कि दूसरा पोर्टल प्ले स्कूल व क्रैच के लिए एमआईएस प्रणाली पर आधारित है। महिला एवं बाल विकास विभाग के पास प्रदेश में 4000 प्ले स्कूल हैं, जिनमें 50 हजार से अधिक बच्चे नामांकित हैं। इसके अलावा 450 से अधिक शिशु गृहों में 7500 से अधिक बच्चे हैं। एमआईएस पोर्टल के माध्यम से एंड टू एंड प्रबंधन के साथ-साथ सभी सेवाओं की जानकारी मिलेगी, जिसमें शिक्षण प्रबंधन, हाजिरी प्रबंधन, विकास निगरानी व भोजन ट्रैकिंग भी शामिल है।बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।
*************************************************************************